# प्रेस नोट दिनांक-16.04.2025

## थाना चकिया, जनपद चन्दौली

**▶पुलिस महानिदेशक महोदय के निर्देशानुसार पुलिस अधीक्षक चन्दौली श्री आदित्य लांग्हे के नेतृत्व में चलाया जा रहा "आपरेशन क्लीन" अभियान, जिसके अन्तर्गत बरामद/मुकदमाती मालों/अवैध शराब का कराया जा रहा विनष्टीकरण।**

**▶थाना चकिया द्वारा 33 अभियोगों से सम्बंधित अंग्रेजी/देशी नाजायज शराब कुल 5813.5 लीटर (अनुमानित कीमत 50 लाख रूपये) का कराया गया विनष्टीकरण।**

श्रीमान पुलिस महानिदेशक महोदय, के निर्देशानुसार पुलिस अधीक्षक चन्दौली श्री आदित्य लांग्हे के नेतृत्व में चलाये जा रहे अभियान ऑपरेशन क्लीन के अन्तर्गत थाना चकिया पुलिस टीम द्वारा कुल 33 अभियोगो मे कुल 5813.5 ली0 अवैध अंग्रेजी/देशी शराब का विनिष्टीकरण कराया गया ।

श्रीमान पुलिस महानिदेशक महोदय, उत्तर प्रदेश द्वारा चलाये जा रहे 'ऑपरेशन क्लीन' हेतु निर्गत आदेश के अनुपालन में व श्री आदित्य लांग्हे पुलिस अधीक्षक चन्दौली के निर्देशानुसार व अपर पुलिस अधीक्षक आपरेशन श्री दिगम्बर कुशवाहा के निर्देशन में व क्षेत्राधिकारी चकिया श्री राजीव सिसोदिया के कुशल मार्गदर्शन में थाना चन्दौली द्वारा मुकदमाती (अवैध शराब) मा0 न्यायालय जू0डि0/जे.एम चकिया महोदय के आदेश के अनुपालन मे माल विनष्टीकरण हेतु गठित टीम अध्यक्ष अभियोजन अधिकारी श्री विपिन बिहारी यादव महोदय व सदस्य जिला आबकारी निरीक्षक श्री रामकृष्ण, थानाध्यक्ष चकिया अतुल कुमार व फौजदारी लिपिक न्या0 मजि0 चकिया चन्दौली श्री ज्ञानशंकर तिवारी व फौजदारी सहायक लिपिक न्या0 मजि0 चकिया श्री संतोष यादव तथा हे0मो0 राकेश कुमार राय की उपस्थिति में आज दिनांक 16.04.2025 को वीडियोग्राफी के माध्यम से कुल 33 अभियोगों के मालों को चेक कराकर उपलब्ध संसाधन द्वारा थाना प्रांगण में मानक के अनुसार लेबर लगाकर व जे.सी.बी. से गड्ढा खुदवाकर कुल 33 अभियोगों से सम्बन्धित कुल 5813.5 ली0 अवैध अंग्रेजी/देशी शराब को गड्ढे में डालकर जे.सी.बी. से तोड़कर विनष्टीकरण की कार्यवाही नियमानुसार पूर्ण करायी गयी व 'ऑपरेशन क्लीन' को सफल बनाया गया । विनष्टीकरण कराये गये नाजायज शराब की अनुमानित कीमत करीब 50 लाख रूपये हैं।

**विनष्टीकृत माल का विवरण-**

1.कच्ची/देशी शराब कुल 295 लीटर
2.अंग्रेजी शराब कुल 5518.5 लीटर

**गठित टीम का विवरण-**

1.श्री विपिन बिहारी यादव अभियोजन अधिकारी न्यायालय चकिया चन्दौली।
2.श्री रामकृष्ण आबकारी निरीक्षक चकिया चन्दौली।
3.श्री अतुल कुमार थानाध्यक्ष चकिया जनपद चन्दौली।
4.श्री ज्ञानशंकर तिवारी फौजदारी लिपिक न्या0 मजि0 चकिया चन्दौली।
5.श्री संतोष यादव फौजदारी सहायक लिपिक न्या0 मजि0 चकिया चन्दौली।
6.हे0मो0 राकेश कुमार राय थाना चकिया चन्दौली।